भारत सरकार

सड़क परिवहन और राजमार्ग मंत्रालय

लोक सभा

लिखित प्रश्न सं. 906

गुरुवार, 27 जून, 2019/6 आषाढ़, 1941 (शक)

कोलार में भारतमाला परियोजना

906. श्री एस. मुनिस्वामीः

क्या **सड़क परिवहन और राजमार्ग** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे किः

(क) क्या सरकार की कर्नाटक के कोलार जिले में "भारतमाला" परियोजना को कार्यान्वित करने की कोई योजना है और यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है;

(ख) क्या उक्त परियोजना के लिए निधि आवंटित और जारी की गई है; और

(ग) यदि हां, तो इस कार्य के लिए चिह्नित सड़कों का ब्यौरा क्या है और इन पर कब तक कार्य आरंभ होने की संभावना है?

उत्तर

सड़क परिवहन और राजमार्ग मंत्री

(श्री नितिन जयराम गडकरी)

(क) से (ग): भारतमाला परियोजना के तहत कर्नाटक के कोलार जिले में विकास के लिए निम्नलिखित परियोजनाओं की परिकल्पना की गई है:

क्र.सं.	परियोजना खंडों का नाम	कोलार जिले में लंबाई(किमी)
(i)	मलुर तालुक के गंगापुरा से प्रारम्भ होते हुए और एनजी हुल्कर बंगारपेट तालुक में समाप्त होकर कोलार जिले से गुजरते हुए बैंगलोर-चेन्नई ग्रीनफील्ड एक्सप्रेसवे	59.318
(ii)	संपांगेरे गाँव से शुरू होकर और दम्मलुरु गाँव में समाप्त होकर कोलार जिले से गुजरते हुए तमिलनाडु/कर्नाटक सीमा से रारा-648 के होसकोटे खंड तक ग्रीनफ़ील्ड परियोजना	8.6

विस्तृत परियोजना रिपोर्ट/व्यवहार्यता अध्ययन के परिणामों के आधार पर परियोजनाओं को सौंपा/धन आवंटित किया जाता है। उपरोक्त परियोजना खंडों के लिए विस्तृत परियोजना रिपोर्ट/व्यवहार्यता अध्ययन का कार्य शुरू किया गया है।

*****